समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पंजाब के पाकिस्तान से सटे जिलों मे हांई अलर्ट, सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द, मंत्री बोले- '3 करोड़...'

Publisher Published on 08 May 2025



**पंजाब सरकार मे कैबेनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि जब भी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरा होता है, तो पंजाबी हमेशा आगे आते है. देश के लिए जान भी कुर्बान कर देते है.**

भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाओं को देखते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने बुधवार को सभी सीमावर्ती जिलों को हाई अलर्ट पर रखने का आदेश वरिष्ठ अधिकारियों को दिया. उन्होंने अगले आदेश तक सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द करने के भी आदेश दिए हैं.

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमलों की सराहना की. उन्होंने कहा, "सभी तीन करोड़ पंजाबी सेना के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं." पंजाब सरकार में कैबेनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा, "जब भी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरा होता है, तो पंजाबी हमेशा आगे आते हैं, यहां तक कि अपनी जान भी कुर्बान कर देते हैं."

पंजाब-पाकिस्तान के बीच है 532KM लंबा बॉर्डर
अमन अरोड़ा ने कहा, "पंजाब पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है. किसी भी सैन्य तनाव के दौरान पंजाब सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सीमा के निकट सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. जनता की सुरक्षा के लिए सरकार ने सभी प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं"

भगवंत मान का नशा विरोधी कार्यक्रम रद्द
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एसबीएस नगर जिले और जालंधर में बुधवार को होने वाले अपने नशा विरोधी कार्यक्रम स्थगित

कर दिए। अमन अरोड़ा ने कहा, “रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में पंजाब पुलिस भी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, ‘पंजाब पुलिस भारतीय सेना को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है. भविष्य की तैयारियों पर मिलकर काम कर रही है.”

किसी को घबराने की जरूरत नहीं— गुरजीत सिंह औजला
कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने अमृतसर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट पर कहा, ” किसी को घबराने की जरूरत नहीं है. शांति बनाए रखें. हमारी सेना इस स्थिति का सामना करने के लिए डटी हुई है. राशन का भंडारण न करें. कुछ व्यापारी समस्या का फायदा उठाकर ऊंचे दामों पर राशन बेच रहे हैं.”

अमृतसर हवाई अड्डा 10 मई तक बंद- एडीसीपी
अमृतसर के एडीसीपी टू सिरिवेनेला ने कहा, ‘केंद्र सरकार के अनुसार उत्तर और उत्तर-पश्चिमी भारत के 21 हवाई अड्डे 10 मई तक बंद रहेंगे. यहां से कोई उड़ान संचालित नहीं होगी. केंद्र के आदेश के अनुसान अमृतसर एयरपोर्ट को भी बंद कर दिया गया है.’

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.